हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.9 डिग्री




बिरकोना रोड पर मवेशियों का कब्जा हो गया है। स्थिति ये है कि इनकी वजह से गाड़ियों का निकलना मुश्किल हो गया है।

# हाईकोर्ट तक में सब ऑनलाइन पर रेवेन्यू बोर्ड, कमिश्नरी व कलेक्टोरेट अछूते

❖ सुनवाई की तिथि से लेकर फैसले कुछ भी अपलोड नहीं, पक्षकारों को भटकना पड़ता है

❖ तमाम कोशिशों के बाद भी नामांतरण, डायवर्सन की प्रक्रिया आनलाइन नहीं हो रही है



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी जमीन और निजी जमीनों को हेराफेरी कर हड़पने वाले भू-माफिया पर अब लगाम कसने के लिए पूरे प्रदेश में बंदोबस्त रिकॉर्ड को ऑनलाइन किया गया है। लेकिन योजना के तीन साल बाद भी जिले का रिकॉर्ड पूरी तरह अपडेट नहीं हो सका है। हालांकि डाक्यूमेंट को स्कैन करने की प्रक्रिया जारी है।

दूसरी ओर तमाम कोशिशों के बाद भी नामांतरण, डायवर्सन की प्रक्रिया आनलाइन नहीं हो रही है। सैकड़ों खसरे अभी तक डिजिटली साइन नहीं हो सके हैं। सबसे बड़ी बात कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दर्ज प्रकरणों की तिथि, सुनवाई सब कुछ आनलाइन है लेकिन आज तक राजस्व बोर्ड, कमिश्नरी और कलेक्टर कार्यालय इससे दूर हैं। इन राजस्व न्यायालयों में सुनवाई की तिथि से लेकर फैसले कुछ भी आनलाइन दर्ज नहीं कराए जाते हैं। इससे पक्षकारों को परेशान होना पड़ रहा है।

अलग खबर

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने भी राजस्व मामलों के निराकरण और डायवर्सन को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने साफ किया है कि अब राजस्व प्रकरणों में केवल ऑनलाइन ही आवेदन लिया जाए। दरअसल, विधि-विधायी विभाग ने इस संबंध में 2022 में सर्कुलर जारी किया था, जिसमें ऑनलाइन आवेदन लेने के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन नहीं हो रहा था। कोर्ट ने बिलासपुर तहसील के कामकाज पर नाराजगी जाहिर की थी।

### यह है हालत

**नामांतरण-** रजिस्ट्री के बाद नामांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन इसमें भी लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सीटी सीरिज मतलब कि रजिस्ट्री आफिस से सीधे भेजे गए आनलाइन प्रकरणों को 90 दिनों में करने की बाध्यता के कारण अधिकारी मजबूरी में करते भी हैं लेकिन जो प्रकरण सीधे तहसीलों में लगाए जा रहे हैं, उनकी पेशी सालों से चलती है।

**डायवर्सन-** दावा किया गया था कि सालों चलने वाले जमीन के डायवर्सन के केस अब अधिकतम एक माह में निराकृत कर दिए जाएंगे। यही नहीं डायवर्सन शाखा से इसका अधिकार छीनकर एसडीएम को दिया गया था। पूरा सिस्टम ऑनलाइन और सिंगल विंडो करने की बात थी लेकिन हुआ कुछ नहीं। अभी भी डायवर्सन के लिए एक बार पूरे दस्तावेजों के साथ आवेदन करने के बाद बार-बार पटवारी-आरआई तथा तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**रजिस्ट्री सिस्टम में परेशानी-** फरवरी में शुरू हुआ जमीन रजिस्ट्री का नया सिस्टम न केवल क्रेता-विक्रेता बल्कि अधिवक्ताओं के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। राज्य सरकार का दावा था कि नए एनजीडीआरएस सिस्टम से ऑनलाइन रजिस्ट्री होते ही जमीन का नामांतरण भी हो जाएगा, लेकिन रजिस्ट्री के 4-4 महीने बाद भी डाटा अपडेट नहीं हो पा रहा है। इस वजह से तहसील के आरआई और पटवारी जमीन-मकान का नामांतरण नहीं कर रहे है। रोजाना दर्जनों लोगों को यह कहकर वापस किया जा रहा है कि रजिस्ट्री दफ्तर से जब तक डाटा नहीं मिलेगा नामांतरण नहीं होगा।

**सैकड़ों खसरे आनलाइन नहीं-** नक्शा, खसरा, बी-वन और ऋण पुस्तिका जैसे सरकारी दस्तावेजों से पटवारियों का डिजिटल हस्ताक्षर गायब है। नतीजा यह कि लोगों को च्वाइस सेंटरों में अपनी जमीन के दस्तावेज ऑनलाइन नहीं मिल पा रहे हैं। पटवारियों के पास फिर चक्कर लगाने मजबूरी हो गई है। डिजिटल हस्ताक्षर नहीं होने से बी1 पी2 नहीं मिल रहा जिससे रजिस्ट्री में परेशानी हो रही है। डीएससी करने के लिए पटवारियों द्वारा पैसे मांगने की भी शिकायत कई बार हुई है।

### तीन साल बाद भी आबादी का सर्वे पूरा नहीं

स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक दिए जाने और जमीन की सीमा के विवाद के निपटारे का पायलट प्रोजेक्ट तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। संसाधनों की कमी के चलते अभी तक जिले की 40 के करीब तहसीलों में आबादी का ड्रोन सर्वे शुरू हुआ है। इसमें बिल्हा, तखतपुर और कोटा के कुछ गांव शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक इसके बाद नक्शा तैयार करेंगे और फिर गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। ज्ञात हो कि स्वामित्व योजना में ग्राम पंचायत का चयन करने के बाद ग्राम,सभा, विशेष ग्राम सभा, मुनादी, लाउडस्पीकर और टेलीविजन आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे के एक दिन पहले,राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा चूने की मार्किंग की जाएगी। ड्रोन सर्वे का कार्य सर्वे ऑफ इंडिया के माध्यम से किया जाएगा।

### सारे प्रकरण आनलाइन दर्ज किए जाते हैं

तहसील आफिस से लेकर एसडीएम कोर्ट तक सारे प्रकरण आनलाइन दर्ज किए जाते हैं। सुनवाई की तिथि के साथ फैसले भी अपलोड रहते हैं। कलेक्टर और कमिश्नरी में क्या परेशानी आ रही हैं, इस बारे में जानकारी ले लेते हैं।

- **रमेश शर्मा**, आयुक्त, भू अभिलेख

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल को 2 नई डायलिसिस मशीन मिली

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में जीवनधारा योजना अंतर्गत किडनी रोग से ग्रसित मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस किया जाता है। यहां पहले 8 मशीनों का संचालन किया जाता है। लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण कई मरीजों को डायलिसिस के लिए इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन ने और मशीन की मांग जिला प्रशासन से की। सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर अवनीश शरण की सहायता से अस्पताल को 2 नई डायलिसिस मशीन मिली है। अब यहां 10 मशीने हो गई है। जिसमें प्रतिदिन 60 मरीजों का डायलिसिस हो पाएगा।

### जनरल व स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाई

**बिलासपुर।** अनारक्षित (सामान्य) एवं स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन किया जा रहा है। इसमें जनरल एवं स्लीपर कोच जोड़े जा रहे है। कोच संरचना में संशोधन के तहत अतिरिक्त स्लीपर कोच जुड़ने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ के साथ यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। जनरल कोच जुड़ने से सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव कम होगा और यात्री सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सकेंगे।

### दोपहर में तापमान 32 डिग्री, शाम को बारिश

**बिलासपुर।** मानसूनी गतिविधियों के एक्टिव होने से पिछले तीन चार दिनों से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। ऐसे में रूक-रूककर बारिश भी हो रही है। बुधवार की सुबह से ही बादल छाए हुए थे, लेकिन दोपहर में तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया, जिसके कारण चिपचिपी गर्मी महशूस हो रही थी। हालकि शाम होते-होते एक बार फिर मौसम ने करवट बदली बूंदा बांदी के साथ रात तक बारिश की फुहार पड़ती रही। जिसके चलते तापमान ठंड रहा रात का पारा 24 डिग्री दर्ज हुआ। इधर मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### नाले का चेंबर टूटा, बचाव में लगाया बोरा



**बिलासपुर।** अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके चलते वाहन चालक परेशान हैं। अब इस सड़क पर बने नाले का क्रासिंग का चेंबर टूट गया है। ऐसे में सुधारकार्य नहीं होने के कारण आसपास के लोग इसकी चपेट में आने से घायल हो रहे हैं। इससे बचने अब टूटे हुए चेंबर के गड्ढे में एक लकड़ी लगाकर उसपर बोरी बांध दिया गया है ताकि लोगों को पता चल सके कि यहां चेंबर टूटा है।

## ओपीडी में लग रही लंबी कतार



### मौसम में बदलाव : डायरिया, बुखार के साथ चर्म रोग की समस्या बढ़ी

# अस्पतालों में बढ़े मरीज, तीन दिन के भीतर सिम्स में ही 4219 पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में हर दिन बदलाव हो रहा है। कभी बारिश तो कभी उमस के चलते लोग बीमार हो रहे हैं, इसका असर अस्पतालों में देखने को मिल रहा है, जहां सुबह से ही मरीजों की भीड़ लग रही है। पिछले एक सप्ताह में मरीजों की संख्या डेढ़ गुना हो गई है। बुखार, डायरिया, सर्दी के साथ ही अब चर्म रोग के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

इन दिनों मौसम में हर दिन बदलाव हो रहा है। कभी-कभी अचानक आसमान में बादलों का जमावड़ा होता है और बारिश हो जाती है। तो मौसम में नरमी आ जाती है। इसका असर सेहत पर दिखने लगा है। सिम्स और जिला अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकों के पहुंचने से पहले मरीजों की लाइन लग जाती है। इन दिनों बुखार, डायरिया, सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ति मरीज अधिक आ रहे हैं। सिम्स अस्पताल की ओपीडी में तीन दिन के भीतर ही 4219 मरीज पहुंच चुके हैं। इसी तरह जिला अस्पताल में सोमवार से बुधवार तक 1695 मरीजों ने पहुंचकर अपना इलाज कराया।



### पर्ची कटाने लग रही लंबी कतार

पिछले एक सप्ताह से मौसम में हर दिन बदलाव हो रहा है। जिसके चलते अब सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीज बढ़ गए हैं। मरीजों की संख्या रोज बढ़ रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में सुबह से दोपहर बाद तक मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। इसी तरह सिम्स अस्पताल के एमआरडी कक्ष में पर्ची कटाने के लिए भीड़ लगी रही। सिम्स में जहां बुधवार को 1495 मरीजों ने जांच कराई तो वहीं जिला अस्पताल में 627 लोगों ने डॉक्टरों से उपचार कराया।

### सिम्स में चर्म रोग की दवा नहीं मिल रही

बारिश के सीजन में स्किन इंफेक्शन के मरीजों की भी संख्या बढ़ गई है। सिम्स के मेडिसीन विभाग मे जहां प्रतिदन 350 से अधिक मरीज आ रहे, वहीं यहां के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.जेपी स्वाईन के ओपीडी में बिलासपुर के अलावा आसपास के जिले से भी प्रतिदिन 250 से अधिक मरीज जांच के लिए पहुंच रहे हैं। स्किन इंफेक्शन दूर करने डॉ.स्वाईन कुछ क्रीम और साबुन भी लिखते है, लेकिन सिम्स के दवा सेंटर में चर्म रोग से जुड़े ज्यादातर दवा ही नहीं है। ऐसे में मरीजों को अधिक कीमत पर निजी मेडिकल स्टोर से दवा लेनी पड़ रही है।

### एडजस्ट नहीं हो पाता शरीर

इस तरह के मौसम में लोगों के बीमार होने का कारण इंफेक्शन लगातार बढ़ता जानता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती जाती है। इससे बचने लोगों को स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पड़ती है। पिछले दिनों लगातार बूंदा-बांदी व बदली छाने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। तेजी से बदलते मौसम में बीमारी की संभावना अधिक रहती है। मौसम में अचानक परिवर्तन के कारण अस्पताल में अभी मरीज की संख्या में इजाफा हुआ है।

- **डॉ. पंकज टेम्भूर्निकर,** मेडिसीन विशेषज्ञ सिम्स

## तीसरी लड़की होने पर मां ने बेटी को फेंका था कुंए में, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दो दिन पहले घर से लापता हुई 24 दिन की बच्ची की घर के पास कुंए में लाश मिलने की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिल गई है। गहन जांच के बाद आखिरकर तीसरे दिन निर्मोही मां टूट गई। तीसरी लड़की पैदा होने पर घर में मान सम्मान कम होने के भय से उसने ही अपनी दुधमुंही बेटी को जिंदा कुंए में फेंक दिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मस्तूरी क्षेत्र ग्राम किरारी निवासी किसान करण गोयल की पहले से दो बेटियां थीं। 24 दिन पहले उनकी पत्नी ने तीसरी बेटी को जन्म दिया था। 30 जून की रात 2 बजे उनकी पत्नी हसीन गोयल की नींद खुली तो बिस्तर से उनकी बेटी तारा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। 1 जुलाई को पिता करण गोयल ने बच्ची के गायब होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। एसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी अर्चना झा को टीम बनाकर मामले की जांच करने का आदेश दिया। एएसपी श्रीमती झा 2 जुलाई को एसडीआरएफ की टीम के माध्यम से घर के आसपास तालाब व कुंए में तलाश शुरू कराई। किसान के घर के सामने सूर्यवंशी परिवार के कुंए में बच्ची की लाश मिली। पोस्टमार्टम कराने के बाद बच्ची के शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया था। 3 जुलाई को पुलिस ने घर के सभी सदस्यों को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ शुरू की। मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक रूप से पूछताछ करने पर मां हसीन गोयल टूट गई। उसने अपनी बेटी को कुंए में फेंककर मारना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 के तहत आरोपी मां हसीन गोयल को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी महिला

- दो दिन पहले लापता हुई थी 24 दिन की बच्ची
- मां को था मान सम्मान कम होने का भय

### ऐसे किया कबूल

दुधमुही बच्ची के लापता होने व दूसरे दिन लाश मिलने के बाद भी मां हसीन गोयल के आंख से एक बूंद आंसू नहीं निकला था। इसी संदेह पर पुलिस पिछले दो दिनों से उससे पूछताछ कर रही थी। बेटी के अंतिम संस्कार के बाद रात में निर्मोही मां के सब्र का बांध टूट गया और उसने फूट फूटकर रोते हुए बेटी को कुंए में फेंककर मार देना स्वीकार कर लिया। रात 12 बजे परिजन की सूचना पर पुलिस मां हसीन को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में उसने बताया रात 1 बजे घरवाले सो गए थे, तब वह बच्ची को लेकर बाहर निकली और कुंए में फेंककर दरवाजा अंदर से बंदकर सो गई थी।

### बेटे की चाह थी, हो गई बेटी

पुलिस के अनुसार, आरोपी हसीन गोयल की पहले से दो बेटियां थीं। तीसरी बार उनको बेटा होने की चाह थी। किन्तु तीसरी बार भी लड़की पैदा हो गई, जिससे उनके मन में डर समा गया कि तीसरी बार बेटी पैदा होने से उनका मान सम्मान घर में कम हो जाएगा। इसके डर से उन्होंने अपनी 24 दिन के बेटी को कुंए में फेंककर मार डाला।

### जेल अधीक्षक से स्वतंत्रता सेनानियों की ली जानकारी

# कलेक्टर बेटे से अनुमति लेकर केंद्रीय जेल गए पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला कलेक्टर अवनीश शरण के पिता लोकेश शरण अपने बेटे से अनुमति लेकर केंद्रीय जेल बिलासपुर गए। वहां उन्होंने जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी से मुलाकात कर जिला प्रशासन द्वारा जारी अनुमति पत्र दिखाते हुए भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सेंट्रल जेल बिलासपुर में सजायाप्ता स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली।

श्री शरण ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृतियों से संबंधित स्थलों की जानकारी ली। दरअसल कलेक्टर श्री शरण के पिता लोकेंद्र शरण साहित्यकार हैं। उन्हें अपनी प्रकाशनाधीन पुस्तक के संदर्भ में स्रोतों की सामग्री व आवश्यक जानकारी एकत्र करने एवं जेल में बंदी जीवन व्यतीत करने के दौरान पुष्प की अभिलाषा नामक कालजयी कविता की रचना करने वाले पंडित



माखन लाल चतुर्वेदी की स्मृतियों से जुड़े स्थलों के फोटोग्राफ की आवश्यकता थी, इसीलिए उन्होंने जिला कलेक्टर से अनुमति ली और मंगलवार को केंद्रीय जेल बिलासपुर पहुंचकर अपने पुस्तकों के सोध के लिए संसाधन एकत्रित की।

### जेल के अंदर बनी लाइब्रेरी भी देखी

केंद्रीय जेल बिलासपुर प्रबंधन ने जेल के अंदर संचालित स्कूल में पंडित माखन लाल के नाम से एक लाइब्रेरी भी बनाई है। जेल भ्रमण के दौरान लोकेश शरण ने उस लाइब्रेरी को भी देखा। वहां रखी पुस्तकों की जानकारी ली। इसके अलावा बिलासपुर केंद्रीय जेल के पुराने इतिहास के बारे में भी जानकारी जुटाई।

### साहित्यिक शोध के संबंध में आए थे

कलेक्टर अवनीश शरण के पिता लोकेश शरण जिला प्रशासन से अपने साहित्यिक शोध के संबंध में जानकारी जुटाने अनुमति लेकर जेल पहुंचे थे। यहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी कैदियों की जानकारी ली। उसके अलावा पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृतियों की जानकारी ली।

- **खोमेश मंडावी**, जेल अधीक्षक बिलासपुर

### एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत




एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 3 जुलाई बुधवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी माता के साथ मिलकर कलेक्टर निवास परिसर में नीम का पौधा लगाया। उन्होंने सभी आम और खास लोगों से इस महाअभियान में हिस्सेदारी निभाते हुए अपनी मां के नाम पर पौधा लगाने की अपील की है। जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान ने भी अपनी आवासीय परिसर स्थित बाड़ी में अमरूद के पौधे लगाए।




## खबर संक्षेप

### बृजेश के साहित्य पर मोतिम को पीएचडी



**बिलासपुर।** देवसंस्कृति विश्वविद्यालय सान्करा कुम्हारी दुर्ग ने डा.बृजेश सिंह के राष्ट्रीय भावधारा साहित्य पर डा. मोतिम वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध प्रबंध 'डॉ बृजेश सिंह के साहित्य में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना' पर आधारित है। डॉ मोतिम वर्मा के इस पीएचडी शोध प्रबंध में डा. बृजेश सिंह के राष्ट्रीय भावधारा पर केन्द्रित साहित्य की सारगर्भित समीक्षा है। विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि डा. सिंह ऐसे पर्यावरणविद हैं, जिन्होंने अकादमिक कार्यों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किया है। उनके साहित्य पर केन्द्रित दो दर्जन पीएचडी व शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।

### सहायक लोको पायलट संत शरण को रेलवे जीएम ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने 3 जुलाई को संरक्षा के सजग प्रहरियों को सम्मानित किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए इसे औरों के लिए प्रेरणादायी बताया। बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट संत शरण कुमार ने 15 मई 2024 को अपनी ड्यूटी के दौरान राबट्र्सन-खरसिया सेक्शन में देखा कि दूसरी दिशा से आने वाली अप ट्रेन का एक वैगन फैला हुआ है, जो ओएचई असेंबली से टकराकर उसे क्षतिग्रस्त कर सकता था। उन्होंने तुरंत इस घटना की सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर/ खरसिया को दी। जिसके बाद इसकी सूचना कंट्रोल को दी गई और गाड़ी को खरसिया स्टेशन पर आवश्यक सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया गया। वरिष्ठ सहायक लोको पायलट संत शरण कुमार की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई। समारोह में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारी मौजूद थे।

### राधे राधे बाबा ने की महामाया में पूजा-अर्चना



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के राजकीय अतिथि महामण्डलेश्वर राधे राधे बाबा महाराज संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति ने बुधवार को महामाया मंदिर में पूजा- अर्चना की। ततपश्चात कोटमी सुनार पहुंचे। उनके साथ पीतांबरा पीठ के आचार्य दिनेश चंद्र पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के विभूतिभूषण पांडेय और परिषद के पदाधिकारी मौजूद थे। राधे-राधे बाबा ने बताया कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश की राज्य सरकार से समिति ने आग्रह किया है कि देश में जिन मठ एवं मंदिरों में प्रशासन का संचालन है उन्हें राम भक्त तथा समाजसेवी संगठनों को संचालन की जिम्मेदारी दी जाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान पर उन्होंने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष ने देश के हिंदू धर्म का अपमान किया है। अभा संत समिति तथा विहिप पूरे देश में लोकसभा में विरोध करेगी। उन्होंने कहा है कि विपक्ष के नेता देश की जनता से माफी मांगे। उन्होंने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में प्रांत संगठन मंत्री नंददास गंगोतिया से मुलाकात की। राधे राधे बाबा श्री पीतांबरा पीठ पहुंचकर श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन किया। इस दौरान पीतांबरा पीठ में विभूति भूषण पांडेय, डॉ ललित मखीजा, डॉ केके साव अन्य भक्तगण मौजूद थे।

## एजुकेशन प्लस

### बीपीएस के नवीन छात्र परिषद ने ली शपथ



**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल मिशन कैंपस में छात्र संघ का गठन किया गया। इसमें नवीन छात्र परिषद ने 3 जुलाई को अलंकरण समारोह में शपथ ग्रहण की। निर्वाचित सदस्यों में शक्तियां निहित करने की शुरुआत मास्टर अरमान पटेल व हेड गर्ल ओमया तिवारी ने किया। सभी पदाधिकारियों ने बैज व सैशे प्राप्त कर गर्व व जिम्मेदारी की भावना का अनुभव किया। जैसे ही छात्र परिषद के सदस्यों ने शपथ ली पूरा वातावरण कर्तव्य व गर्व की भावना से भर गया। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल एवं विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य संगीता मिश्रा ने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को मंत्रमुग्ध किया। उन्हें ईमानदार रहने के लिए कहा। उप प्राचार्य नंदिता चटर्जी ने छात्रों को पूरी ईमानदारी से काम करने का आशीर्वाद दिया। समन्वयक सीमा अग्रवाल ने कहा कि बीपीएस के प्रत्येक बच्चे में एक अद्वितीय व्यक्ति के रूप में विकसित होने की क्षमता है।

## 51 हजार किसानों का केसीसी भी नहीं बना

## कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों की बैठक में जताई नाराजगी, तेजी से काम करने कहा

# 13 गावों में खोली जानी थी बैंकों की ब्रांच, साल भर में सिर्फ 2 जगह खुली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पीएम किसान सम्मान पाने वाले किसानों का केसीसी बनाने चलेगा अभियान

बैंक विहीन 13 गांवों में शाखाएं खोले जाने के आदेश साल भर पहले दिए गए थे। इसका लेकिन बैंक अधिकारियों ने पालन नहीं किया और केवल दगोरी एवं संेदरी में ही शाखा खोल सके। कलेक्टर ने अवनीश शरण ने पूर्व के निर्णय का पालन नहीं किए जाने पर बैंक अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और जल्द शेष गांवों में बैंक खोलने कहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले सभी किसानों का केसीसी कार्ड बनाया जाएगा। अगले तीन महीने के भीतर अभियान छेड़कर उन्हें कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। दरअसल जिले में ही लगभग 51 हजार किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे लेकिन इनका अब तक केसीसी नहीं बन पाया है।

कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक बुधवार को ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित के अलावा आरबीआई, नाबार्ड सहित स्थानीय बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैंक विहीन गांवों में बैंक खोलने संबंधी पूर्व के निर्णय का पालन नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस माह के अंत तक शाखा खोलने की प्रक्रिया पूर्ण कर सूचित करने को कहा है।

### एक महीने में खोलने होंगे 11 गांवों में ब्रांच

गौरतलब है कि पिछले साल जिले के चिन्हांकित 13 गांवों में बैंक शाखा खोलने विभिन्न बैंकों को लक्ष्य आवंटित किया गया था। इनमें केवल दगोरी एवं संेदरी में ही शाखा खुला है। शेष ग्रामों पौंसरा, सेमरताल, निरतु (मस्तुरी) भरनी, तेन्दुआ, नवागांव, करमा, बुटेना मझगवा, सोनपुरी एवं करवा में ब्रांच नहीं खुला है। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के सहयोग से संचालित सरकारी योजनाओं में स्वीकृति एवं ऋण वितरण की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृति प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों को महीनों तक बैंक में नहीं लटकाया जाए। कलेक्टर ने सभी बैंकों को आरबीआई द्वारा निर्धारित सीडी रेशियों का पालन करने को कहा है।



### 60 % लोन स्थानीय लोगों को दिया जाए

बैंकों में स्थानीय लोगों द्वारा जमा कराए गए रकम का 60 प्रतिशत लोन स्थानीय लोगों में ही बांटने का प्रावधान आरबीआइ ने किया है। उन्होंने अजा, जजा, महिला एवं किसान लोगों को ऋण वितरण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में आरसेटी की गतिविधियों की समीक्षा की गई और जिले की वार्षिक ट्रेड प्लान का अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान ने सभी बैंकर्स से आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड की ओर से एफपीओ की गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतिकरण दिया गया। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश भी बैंकर्स को दिए गए। बैठक में आरबीआई के एलडीओ पी.गोपीनाथ, नाबार्ड के डीडीएम अशोक साहू, लीड बैंक अधिकारी दिनेश उरांव सहित बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएमडी कालेज से सायबर की पाठशाला का शुभारंभ

# डिजिटल तकनीक का उपयोग प्रलोभन से दूर रहकर सूझबूझ से करें : एसपी





सीएमडी कॉलेज में आयोजित सायबर पाठशाला में उपस्थित एसपी रजनेश सिंह, कॉलेज के चेयरमेन संजय दुबे सहित अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पुलिस विभाग और सीएमडी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में नियोजित सायबर की पाठशाला का बुधवार को शुभारंभ हुआ। सीएमडी कॉलेज में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि एसपी रजनेश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, अर्चना झा, उमेश कश्यप, अनुज कुमार, गरिमा त्रिवेदी, सीएसपी पूजा कुमारी, उमेश गुप्ता एवं शासी निकाय के अध्यक्ष डा. संजय दुबे रहे।

सायबर पाठशाला का शुभारंभ करते हुए एसपी रजनीश ने कहा कि सायबर अपराध डिजिटल युग की एक गंभीर चुनौती है। आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। वहीं इसने अपराधियों के लिए रास्ते भी खोल दिए हैं। इन अपराधों को सायबर अपराध कहा जाता है। सायबर अपराध किसी भी ऐसे कृत्य को दर्शाता है जो कम्प्यूटर, इंटरनेट या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग कर किया जाता है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संगठन को नुकसान पहुंचाना होता है। हैकिंग, मालवेयर, फिशिंग, सायबर धोखाधड़ी, सायबर बुलिंग, चाइल्ड पोर्नग्राफी इसके उदाहरण हैं। इस अपराध से सुरक्षित रहने प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। इसलिए जिला पुलिस विभाग द्वारा सायबर की साप्ताहिक पाठशाला का शुभारंभ किया जा रहा है। डिजिटल तकनीक का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक रहने एवं प्रलोभन में न फंसने की आवश्यकता है। एक अच्छे सुरक्षा के लिए पासवर्ड सुरक्षित इंटरनेट, घटना की रिपोर्टिंग अत्यन्त आवश्यक है। उमेश कुमार गुप्ता ने सायबर अपराध से बचने की जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शहर के विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि के साथ-साथ चेतन जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के सामान्य सदस्य भी मौजूद थे। कमल छाबड़ा, चंचल सलूजा, रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वीन से पायल लाठ, ब्रह्माकुमारी से दीदी भी उपस्थित थीं। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के शासी.निकाय के अध्यक्ष डा. संजय दुबे व प्राध्यापकों ने किया।

## फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 29 हजार स्टूडेंट्स ने भरा फार्म



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए एक दिन का समय बढ़ाए जाने के बाद कुल 29 हजार स्टूडेंट्स ने आनलाइन फार्म भरा है। एक दिन की अवधि बढ़ाए जाने के बाद अंतिम दिन बुधवार को लगभग 3 हजार स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

अटल यूनिवर्सिटी ने नए सत्र में कालेजों में यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आनलाइन फार्म, रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि को 2 जुलाई से बढ़ाकर 3 जुलाई कर दी थी, इसलिए यूनिवर्सिटी के पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने फ्रेशर स्टूडेंट्स टूट पड़े और जो स्टूडेंट्स किन्हीं कारणों से अभी तक कालेजों में एडमिशन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे, उन्होंने बुधवार को भिड़कर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। इस तरह आखिरी दिन फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए लगभग 3 हजार स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी के पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराया है।

### कालेज निकालेंगे मेरिट आधार पर लिस्ट

अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में यूजी फर्स्ट ईयर के लिए जो 29 हजार आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ है, उसमें से कालेजवार लिस्ट निकालकर यूनिवर्सिटी बुधवार की रात 12 बजे संबंधित कालेजों को आनलाइन लिस्ट भेज देगी। कालेज वाले अपने-अपने कालेज की लिस्ट से मेरिट आधार पर फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी करेंगे।

**बढ़ाई गई थी तिथि**

यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए एक दिन तिथि बढ़ाई गई थी। इससे जो स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन कराने से छूट गए थे उन्हें भी अवसर मिला है। फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 29 हजार स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

-**शैलेन्द्र दुबे**, रजिस्ट्रार, एयू

## सरकारी स्कूलों की समस्या जानने नोडल अधिकारी करेंगे 9 बिंदुओं पर जांच

**बिलासपुर।** सरकारी स्कूलों में पढ़ाई से लेकर शिक्षकों की कमी और स्कूल की व्यवस्था देखने और नोडल अधिकारी अलग-अलग ब्लॉक में पहुंचेंगे। यहां स्कूली की कमी दूर करने के लिए रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। इसमें कहा है कि छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्तायुवक शिक्षा और बेहतर परिणाम के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया जाना है। इसके लिए सभी सरकारी सकूलों में पठन-पाठन से लेकिन अन्य गतिविधियों को ध्यान रखते हुए नोडल अधिकारी नियुक्त कर वहां निरीक्षण के लिए भेजा जाए। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू अब निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने में जुटे हुए हैं। जिला में 1800 से अधिक सरकारी स्कूलों में ये पहुंचकर वहां की स्थति की रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेगे।

**इन 9 बिन्दुओं पर किया जाएगा निरीक्षण**

- शाला परिसर का उचित रखरखाव।
- शिक्षकों की समय पर उपस्थिति।
- छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या के अनुपात में उपस्थिति।
- वार्षिक शैक्षणिक कलेण्डर अनुसार अध्यापन।
- शाला विकास समिति की बैठक।
- विद्यार्थिंयों का कक्षावार, विषयवार अध्ययन स्तर।
- प्रयोगशाला व पुस्तकालय का उपयोग।
- प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अनुसार मध्यान भोजन।
- बैगलैस डे का आयोजन।

## एआईयू की इक्विलेंस कमेटी के सदस्य बने प्रो चक्रवाल



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक कुमार चक्रवाल को भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली की इक्वीलेंस कमेटी (समतुल्य समिति) का सदस्य नामित किया गया है।

प्रो. चक्रवाल ने एआईयू द्वारा उन्हें इक्वीलेंस कमेटी का सदस्य नामित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुझे समिति के सदस्य का दायित्वबोध है। यह समिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त होने वाली उपाधियों के भारतीय परिपेक्ष्य में समतुल्यता पर निर्णय लेती है। प्रो. चक्रवाल ने उम्मीद जताई कि मेरे अनुभवों का लाभ समिति के कार्यों के सफल संपादन में मिलेगा। समिति के सदस्य के रूप में विदेशों के शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रदत्त शोध, प्रोफेशनल उपाधियों एवं फैलो कार्यक्रम आदि की भारतीय शिक्षण के मानकों के अनुरूप समतुल्यता के संबंध में प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरणों पर विचार किया जाएगा।कुलपति प्रो. चक्रवाल ने बताया कि समिति में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ प्रख्यात शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। समिति भारतीय विश्वविद्यालयों के परिपेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दी जाने वाली उपाधियों पर कार्य परिषद में निर्णय लेती है। यह जानकारी एआईयू के महासचिव डा. पंकज मित्तल ने 2 जुलाई दी। उनका यह कार्यकाल 1 जुलाई 2024 से 30 जून, 2025 (एक वर्ष) तक रहेगा।

## जिले के 896 स्कूल भवनों का हो रहा कायाकल्प





**बिलासपुर।** स्कूल जतन योजना के तहत जिले के 896 स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में इस योजना के तहत स्कूल भवनों को संवारने का कार्य निरंतर जारी है। इनमें से 452 कार्य पूर्ण हो चुके है। इन स्कूलों में छतों को सुधारने का काम, पॉलिश, दीवारों में रंगरोगन, शौचालयों की मरम्मत, कक्षाओं में टाइल्स के साथ-साथ आकर्षक साज-सज्जा का कार्य किया जा रहा है। जिले के जिन स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। इन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में पढ़ने की सुविधा मिल रही है। इस योजना से बच्चों को बेहतर स्कूल भवन मिलेगा और वे अच्छे से पढ़ाई कर पाएंगे। जिले में 1113 प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला 518, हाई स्कूल 105 एवं 115 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। नए शिक्षा सत्र में नए कलेवर में तैयार इन स्कूलों में प्रवेश उत्सव कराया गया। स्कूलों के कायाकल्प होने से यहां पढ़ने वाले बच्चे काफी उत्साहित है।



3- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/4/2024 12:05 AM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**भ्रमण**

## चेतना से प्रभावित डॉ सुषमा बाइक से निकली जनचेतना यात्रा पर

**बिलासपुर।** चेतना अभियान से प्रभावित होकर समाज सेविका डॉ सुषमा पंड्या बिलासपुर से लेह लद्दाख तक मोटर सायकल से जनचेतना भारत यात्रा पर निकली है। भारत भ्रमण के इस यात्रा में वे चेतना के विभिन्न विषय चेतना विरूद्ध साइबर फ्रॉड, महिला बाल अपराध, यातायात दुर्घटना, नशा एवं संगठित अपराध के संबंध में लोगों को जागरूक कर रहीं हैं।



ट्रैफिक एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने बताया कि डॉ सुषमा पंड्या पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे चेतना से प्रभावित होकर बिलासपुर से लेह लद्दाख तक जनचेतना जागरूकता यात्रा प्रारंभ की है। यात्रा रोमांच के साथ 63 वर्ष की आयु में लेह लद्दाख तक की यात्रा चेतना का प्रसार करना डॉ सुषमा के देश प्रेम के जज्बे को प्रदर्शित करता है। इस यात्रा के लिए चेतना के झंडे बिलासपुर पुलिस द्वारा उन्हें भेंट कर सफल यात्रा हेतु शुभकामनाएं दी गई। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की चेतना अतुल्य बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर जागरूकता कार्यक्रम, जिसमें यातायात दुर्घटना, साइबर फ्रॉड महिला एवं बाल अपराध, नशा एवं संबंधित अपराधों का समावेश है, 2 जून से चल रहा है।

**एएसपी ट्रैफिक नीरज चंद्राकार ने भेंट किए चेतना के झंडे**

**1 जुलाई से हैं यात्रा पर :** जन चेतना यात्रा 1 जुलाई से प्रारंभ हुई है। जिसमें डॉ सुषमा के साथ उनके पुत्र 22 वर्षीय आयुष, 23 वर्षीय पुत्र प्रियांशु जो पूरी सुरक्षा एवं हेलमेट धारण कर इस यात्रा में साथ रहेंगे। अभी उनकी यात्रा ग्राम बोड़ला जिला कबीरधाम होते हुए जिला मंडला मध्यप्रदेश पहुंच गई है।

**सम्मान**

## प्राकृतिक खेती के थीम पर कृषि कॉलेज को मिला बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड



**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। इस 3 दिवसीय कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर को प्राकृतिक खेती के थीम पर बेस्ट प्रेजेंटेशन का अवार्ड मिला, जिसे केंद्र की डॉ शिल्पा कौशिक ने प्रस्तुत किया था। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर को बेस्ट एग्जिबिशन स्टॉल का अवार्ड भी मिला। डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डॉ. शिल्पा कौशिक ,डॉ अमित शुक्ला, जयंत साहू, डॉ.निवेदिता पाठक, डॉ.चंचला रानी पटेल, प्रकाश मिंज, डॉ एकता ताम्रकार,सुशीला ओहदार शामिल रहीं। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक गांव, एक फसल का आव्हान किया है, ये सफल हो रहा है। वहीं कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल ने कहा कि कृषि के विकास और किसानों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मूल रूप से कृषि विश्वविद्यालय का काम शिक्षा विस्तार और शोध का है, लेकिन वास्तव में कृषि विद्यालय के शोध को किसानों तक पहुंचाने का काम कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किया गया है। मिलेट फसलों कोदो-कुटकी का अच्छा बाजार का भी उपलब्ध हो रहा है। मिलेट फसल के अच्छे भाव मिलने से किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं।

**कृषि विज्ञान केन्द्रों की 3 दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन**

**आयोजन**

## शिक्षकों के कौशल को निखारने में सहायक सिद्ध होगा यह प्रशिक्षण : झा



**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली एवं श्री अरविंदो सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक विज्ञान के लिए दक्षता आधारित अधिगम पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जुलाई से आरंभ किया गया है। केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण का समापन 5 जुलाई को होगा। प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र कुमार झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल को निखारने में यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा। राष्ट्रीय शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने ज्ञान को अद्यतन कर शिक्षण बिंदु को विद्यार्थियों के अनुभव जगत से जोड़कर अनुभव जन्य शिक्षण प्रदान करें। संगीत शिक्षक लक्ष्मण कौशिक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग के विज्ञान विषय के 37 स्नातक शिक्षक शामिल हो रहे हैं।

**केन्द्रीय विद्यालय में चल रहा विज्ञान का संभाग स्तरीय दक्षता अधिगम प्रशिक्षण**

**प्रतिभागियों में उत्साह :** इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ की प्रतिभागी स्वाति सिंह ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि इसमें प्राप्त जानकारी द्वारा हम अपने विद्यार्थियों में चिंतन कौशलों का विकास कर दक्षता आधारित अधिगम को व्यवहारिक धरातल पर लागू कर सकेंगे।

### शहर की प्रतिभाओं को मिला मंच, दत्ता को छत्तीसगढ़ रत्न अवार्ड

# इंडियाज फनकार में गायन, वादन और नृत्य पर थिरके छात्र

इंडियाज़ फनकार कार्यक्रम का आयोजन त्रिवेणी भवन में किया गया। कार्यक्रम में गायन, वादन एवं नृत्य तीनों विधाओं की प्रतियोगिता में 70 से ज़्यादा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के अलावा शहर के कलाकारों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए दत्ता को छत्तीसगढ़ रत्न से नवाज़ा गया।






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय बिलासपुर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एन.के.चौरे, मंजू चौरे, एम. वैष्णवी, राशि जायसवाल, राजश्री दीवान ,सौरभ चक्रवर्ती ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रेल्वे इंग्लिश मीडियम स्कूल 1 के छात्रों द्वारा गायन एवं नृत्य रहा। द जैन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा कनक साहू ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। नृत्य विधा के निर्णायक हरि नायडू और गायन तथा वादन के निर्णायक मंडल में निमिषा शर्मा और कृष्णा चौधरी थीं। यह आयोजन गणेश मेहता फिल्म प्रोजेक्ट के प्रोपराइटर गणेश मेहता, फिल्म प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के संगीत शिक्षक और श्रोताओं, दर्शकों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही।




**इन छात्रों ने बनाई जगह**

रेलवे स्कूल के छात्र अंशुमन दास ने सीनियर वर्ग में गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सायन मंडल ने बेहतरीन गायन और की-बोर्ड के साथ प्रस्तुतीकरण कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में रामकृष्ण आदित्य द्वारा, किशोर कुमार का बेहतरीन गीत प्रस्तुत कर विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त किया। वादन प्रतियोगिता में अवंतिका एवं राजवीर सिंह चौहान ने सैक्सोफोन पर सुमधुर गीत प्रस्तुत कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में चकोरी रक्षिता द्वारा भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं, मध्यम वर्ग की छात्रा कु. अंकिता निषाद द्वारा भी शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई और प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका कत्थक ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# जगन्नाथ पूजा : रथ को आकर्षक बनाने में जुटे कारीगर

रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथ बनाने का काम अंतिम चरण पर है। कारीगर रथ को आकर्षक बनाने में लगे हैं। मंदिर का पट छह जुलाई को खुलेगा। इस दिन महाप्रभु नवयौवन रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। इस दिन को नेत्रोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के उत्कल समाज द्वारा रथयात्रा उत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सचिव डी. नायक ने बताया कि मंदिर का पट खुलने का श्रद्धालु भक्तों को बेसब्री से इंतजार है। 6 जुलाई को नेत्रोत्सव के दिन महाप्रभु का पहला दर्शन पाने सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। इस दिन सुबह साढ़े 9 से साढ़े 10 बजे तक महाप्रभु की विशेष पूजा होगी। इसके बाद 7 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

**विशेष पूजा कर लगाए जाएंगे 56 भोग**

बिलासपुर में निकलने वाले रथ को शहर के कारीगर तैयार कर रहे हैं। रथ का रंग-रोगन कर उसमें नए कपड़े लगाए जा रहे हैं। इसी भव्य रथ से महाप्रभु जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देने 7 जुलाई को निकलेंगे। रथयात्रा निकलने से पहले महाप्रभु की विशेष पूजा कर 56 भोग लगाए जाएंगे। राजा के वेश में उप मुख्यमंत्री अरूण साव छेरापहरा की रस्म निभाएंगे।

### मंदिर का पट खुलेगा 6 को, महाप्रभु भक्तों को देंगे नवयौवन रूप में दर्शन



**भक्तजन महाप्रभु को चढ़ाएंगे रथ में**

गुण्डिचा यात्रा के दिन भक्तजन महाप्रभु को एक-एक कर रथ पर चढ़ाएंगे। पहले बहन सुभद्रा, फिर भाई बलभद्र, आखिरी में भगवान जगन्नाथ को रथ पर बैठाया जाएगा। पूजा, छेरापहरा के बाद बाजे-गाजे के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी। फिर भगवान अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए अपने मौसी मां के घर चले जाएंगे। यहां वे पूरे 9 दिन रहेंगे। इस बीच उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सुबह उन्हें विविध तरह के भोग अर्पित किए जाएंगे। 15 जुलाई को बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। इस दिन भगवान पुनः श्रीमंदिर पहुंच जाएंगे।

**इनका मिल रहा सहयोग**

उत्सव को सफल बनाने जगन्नाथ पूजा समिति के अध्यक्ष एमके सुबुद्धि, सचिव डी नायक, कोषाध्यक्ष आरके पात्रा, एसके षड़ंगी, बीके पंडा, डीपी नायक, सीमांचल, राजेंद्र, बसंत कुमार बेहरा, चिंटू दास सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

**एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

# युवाओं को जागरुक कर एचआईवी की भयावहता को किया जा सकता है कम



राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त आयोजन में रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारियों द्वारा संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यशाला में शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के निराला ने कहा कि युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कर एचआईवी एड्स की भयावहता को कम किया जा सकता है। जब तक इसके भयावह परिणाम से युवाओं को अवगत न कराया जाएगा तब तक एचआईवी समाज में विस्तार करता रहेगा। कार्यशाला में राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ नीता वाजपेयी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने विभाग के नोडल अधिकारियों को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति संयुक्त संचालक नीतू मांडवी ने कहा कि युवा वर्ग में एचआईवी एड्स के प्रति व्यापक भ्रांतियों का निवारण जरूरी है साथ ही एचआईवी पीड़ितों के प्रति भेदभाव उनके मनोबल को कमजोर करता है। एचआईवी पीड़ितों के प्रति दूरियां रखना अमानवीय भी है। कार्यक्रम का संचालन शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी हेमंत खरे ने किया।

**संभाग के अधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय तथा शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के 45 रेड रिबन नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। चांपा जिले के जिला संगठक डॉ बी के पटेल, कोरबा जिला के जिला संगठक वाय के तिवारी, बिलासपुर विश्वविद्यालय के जिला संगठक कांति अंचल के अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ बी एल साय जिला कोरबा, डॉक्टर देवेंद्र शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी मोना केवट, डॉक्टर डीपी चंद्रवंशी एवं अन्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**तखतपुर।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर एवम् मिठाई खिलाकर पुस्तक एवम् गणवेश वितरण किया गया। जिला पंचायत सभापति जितेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। जिसके द्वारा एक बच्चा या वयस्क ज्ञान, अनुभव, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश डहरे, आभार भागवत जायसवाल ने किया। इस अवसर पर संतोष कश्यप, दिनेश साहू, सुनिल जांगड़े, सुनील साहू, जलेश साहू, रामभुवन यादव, शशिकांत सोनी, राकेश भारद्वाज, दिनेश कश्यप, अशोक मिश्रा, नलिनी साहू, अखिलेश मिश्रा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पैसे देने की बात को लेकर आरोपी ने गाली गलौज कर की मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पैसा देने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115,2, 296, 3,5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार चनाडोंगरी निवासी कुंती जोशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 2 जुलाई को जब वह घर में थी तभी द्वारिका प्रसाद जोशी उसके घर शाम को पहुंचा तथा जमींन बिक्री का पैसा की मांग करने लगा। तब प्रार्थीयां ने पति के घर आने के बाद पैसा देने की बात कही। द्वारिका प्रसाद ने सकुन बाई और लाला जोशी के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115,2, 296, 3,5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### प्लाट में लगे सोलर पैनल को ले गए चोर, जुर्म दर्ज


**तखतपुर।** प्लाट में लगे सोलर पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार चितावर निवासी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके प्लाट में बोर है। जिसमें सोलर पैनल के माध्यम से सिंचाई का कार्य होता है। 2 जुलाई की सुबह 7 बजे जब प्लाट गया तो देखा कि सोलर पैनल गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### रायपुर में हत्या के विरोध में एनएसयूआई को पुतला दहन से रोका

**पेंड्रा।** रायपुर में 21 वर्षीय आदिवासी युवक मंगल मुरिया की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आज जिले में एनएसयूआई ने घटना व प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के विरोध में गौरेला के संजय चौक में पुतला दहन के कार्यक्रम का आयोजन किया था। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पुतला दहन करने से रोक लिया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मुर्दाबाद के नारे लगाए और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अनुज ताम्रकार, संतोष ठाकुर, पवन केशरवानी, नीलेश साहू, अमित पाठक, अफसर खान, रियांश सोनी सहित कांग्रेसी व एनएसयूआई नेता मौजूद थे।

## निधन

### बाबूलाल साहू



**बिलासपुर।** बंधवापारा अरविंद नगर निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी बाबूलाल साहू का 2 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे यशवंत साहू (सोनू) के पिता थे।

### अश्वनी कुमार शुक्ला



**बिलासपुर।** लोरमी निवासी अश्वनी कुमार शुक्ला का 2 जुलाई मंगलवार को निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सूर्य प्रकाश, शांति प्रकाश, सत्य प्रकाश ,शांति प्रभा ,उत्तरा, कीर्ति ( मोनी) के पिता एवं श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला के दादा थे।

### अनिता शर्मा



**बिलासपुर।** परसदा सकरी निवासी श्रीमती अनिता शर्मा पति चंद्रप्रकाश शर्मा का बुधवार 3 जुलाई को निधन हो गया । वे 60 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 4 जलुाई को सुबह 10 बजे परसदा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रांजल शर्मा व प्राची दुबे की मां थीं।

## आवागमन में हो रही परेशानी

# एप्रोच रोड व पड़ाव चौक से लोरमी बाइपास में हो गए बड़े-बड़े गड्ढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलपारा में नए पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड में लंबे समय से गढ्ढे हो गए हैं। इन गढ्ढों की वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुका हैं। इसी प्रकार पड़ाव चौक से लोरमी बाइपास मार्ग में सड़कों पर गड्ढ़े हो गए है। स्कूली बच्चे भी सायकल में स्कूल जाते हैं जिससे उन्हें भी बहुत समस्याएं होती हैं। कलेक्टर जनदर्शन में गढ्ढों की गुणवक्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की गई है।

- कलेक्टर जनदर्शन में की जा चुकी है सुधार करने की मांग

शहरी क्षेत्र में बारिश की शुरूआत के साथ ही सड़कों की मरम्मत नहीं होने से जगह-जगह गड्ढ़े हो गए है। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पुलपारा में बड़े पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए हैं। इसी प्रकार पड़ाव चौक से लोरमी बाइपास मार्ग में सड़कों पर गड्ढ़े हो गए है। पण्डरिया रोड में शक्तिमाई मंदिर तक नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गड्ढ़े हो गए है। जिससे राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां से जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित मंत्रियों का भी आवागमन होते रहता हैं। उसके बाद भी लंबे समय से पुल के एप्रोच रोड में हुए गढ्ढों व जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं की जा सकी हैं। कलेक्टर जनदर्शन में अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी ने बताया कि यह एक जनहित मामला हैं। लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी हैं। जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को समस्या होती हैं।



दुर्घटना को न्यौता देते गड्ढ़े।

# दूषित पानी से अटल आवास में फैला डायरिया, 70 बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सकरी नगर का अटल आवास दूषित पानी के चलते डायरिया की चपेट में आ गया। और देखते ही देखते 70 लोग बीमार पड़ गए। जानकारी पर निगम प्रशासन अटल आवास पहुंचा और संक्रमित मरीजों का स्वास्थ्य विभाग की टीम से उपचार कराया।

नगर निगम की टीम ने मोहल्ले में लगी पानी की टंकियों की सफाई कर दवा डाला और लोगों को दवा वितरण कर छानकर पानी पीने की सलाह दी। निगम के जल विभाग ने पानी का सैंपल भी लिया। अटल आवास में तो डायरिया वर्तमान में नियंत्रण में है लेकिन सकरी में अन्य जगह अभी भी दूषित पेयजल आ रहा है। धूल धूसरित पानी से लोगों में डायरिया का संक्रमण फैलने की आशंका है। इसे लेकर ग्रामीण चिंतित है। लोगों का आरोप है कि जिस तरह से वर्षा ॠतु पूर्व नगर निगम को पाइप लाइन, बोर व पेयजल संबंधित तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यकतानुरूप सुधार करना था उसमें निगम प्रशासन असफल रहा। ज्ञात हो कि मुख्यमार्ग के चौड़ीकरण कार्य के दौरान पाइपलाइन को ठेकेदार द्वारा जगह जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। उस समय पेयजल व्यवस्था बहाल करने निगम कर्मचारियों ने त्वरित रूप से सुधार कार्य किया लेकिन लीकेज पर ध्यान नहीं दिया। अब बरसात का पानी इन्हीं लीकेज के माध्यम से पेयजल की पाइपलाइन के सहारे लोगों के घर तक पहुंचने लगा है।



- सड़क ठेकेदार की लापरवाही से पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

### नया कनेक्शन लेने लोगों से अपील

मुख्यमार्ग पर बाईपास चौक से मुख्य मार्ग तक नगर निगम द्वारा दोनों ओर 1400 मीटर नया पाइप लाइन बिछवाया है। ताकि पुराने एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से जुड़े कनेक्शन को नए पाइप लाइन से जोड़ सके और लोग को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर मुनादी भी कराई जा रही है और घर घर जाकर लोगों से अपील की जा रही है।

### नियंत्रण में डायरिया

डायरिया नियंत्रण में है। निगम ने नई पाइप लाइन बिछाई है। जिससे कनेक्शन लेने लोगों को जागरूक कर रहे है। अभी पुराने पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति कर रहे है। शुक्रवार को पुराने पाइप लाइन को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

-रंजना अग्रवाल
जोन कमिश्नर सकरी

# महाविद्यालय भवन के लिए राशि स्वीकृत, जमीन नहीं मिलने से प्राथमिक शाला में हो रही संचालित

**मुंगेली।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिए बजट में भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते उधार के भवन में महाविद्यालय संचालित हो रहा है। विगत दो वर्षों से करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का स्वयं का भवन नहीं रहने से व्यवस्थित संचालन नहीं हो पा रहा है।

शासन ने मुंगेली को 2022-23 में नवीन कन्या महाविद्यालय की सौगात तो दी लेकिन इसका संचालन करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में किया जा रहा है। महाविद्यालय में 21 स्टाफ की स्वीकृति है। महाविद्यालय भवन के लिए जमीन 5 एकड़ से अधिक होने पर यूजीसी का ग्राण्ट महाविद्यालय को मिलता है। शासन से महाविद्यालय के भवन हेतु शासन से प्रथम किश्त के रूप में 1 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जमीन नहीं मिलने से महाविद्यालय भवन का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में शासन द्वारा अनेक सौगातें तो दी जाती है, किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नहीं होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पाता। जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक उपेक्षा के चलते सौगात केवल कागजों पर ही सिमट जाती है। पूर्व में भी तत्कालीन मंत्री द्वारा ऑडिटोरियम के लिए राशि दी गई थी, किन्तु भूमि चयन के चलते 7 वर्षों बाद भी आज तक नहीं बन पाई है। इसी तरह से नगर के वार्डों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालित हो रहे है जिनमें से वार्डों में आंगनबाड़ियों के लिए भी विभाग द्वारा नगर पालिका को राशि दी गई थी। एक-दो वार्डों को छोड़कर शेष वार्डों में भूमि उपलब्ध नहीं होने के चलते आंगनबाड़ी भवन नहीं बन पाया है। नगर में 4 स्थानों पर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाना था जिसमें से पेण्डाराकापा में जमीन मिलने पर भवन का निर्माण किया गया।



### राशि स्वीकृत

शासन से महाविद्यालय भवन के लिए राशि की स्वीकृति मिल चुकी है। जमीन नहीं मिल पाने की वजह से कार्य आगे नहीं बढ़ पाया है।

-**एसके तिवारी**, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया राहुल का पुतला दहन



**पेंड्रा ।** पेंड्रा के दुर्गा चौक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में हिन्दुओं को हिंसक कहा था। जिससे हिन्दू आहत है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने इसका पुरजोर विरोध किया और पेंड्रा के दुर्गा चौक पर कांग्रेस पार्टी तथा राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया गया और नारेबाजी की। विहिप जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने बताया कि संसद में राहुल गांधी के बयान से हिंदू समाज आहत हुआ है। राहुल गांधी के इस कृत्य के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा पुतला दहन व प्रदर्शन किया जा रहा है। पुतला दहन और प्रदर्शन के दौरान स्वामी परमात्मानंद, विहिप जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, आनंद साहू, रामजी श्रीवास, वीरेंद्र पंजाबी, नवीन विश्वकर्मा, राकेश श्रीवास, प्रीति त्रिवेदी सहित विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने स्कूल में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**बोदरी।** कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे के आह्वान पर प्रदेशभर में तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ मिलकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया। विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात मिठाइयां, चॉकलेट, बिस्किट, फल, फूल, पेन, किताब, पुस्तकें, साइकिल व ड्रेस बांटी गई।




बिलासपुर जिले से नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि जिले के तहसीलसर नायब तहसीलदारों ने जिले के विभिन्न स्कूल पहुंचकर बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया व चॉकलेट, बिस्किट खिलाकर उत्साहवर्धन किया। शाला प्रवेश उत्सव पर राजस्व टीम के साथ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांतअध्यक्ष तहसीलदार नीलमणि दुबे ने प्राथमिक शाला बांसरकर, दुलदुला स्कूल में बच्चों के साथ उपस्थित रहकर पूजा अर्चना किया और बच्चों का मुंह मीठा कराया। आज शाला प्रवेश उत्सव के लिए ने विद्यार्थियों के साथ समसामयिक प्रश्नोत्तरी किया। गुरुजनों को पौधा भेंट किया। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी नायब तहसीलदार ने कहा कि बच्चों को खूब ज्ञान अर्जन के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा हमें सही और गलत को पहचानने का रास्ता बताती है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कोटा में वृहद पौधरोपण



**कोटा।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ॽएक पेड़ मां के नामॽ अभियान के तहत वृहद पौधरोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोटा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अभियान की शुरुआत कर पौधरोपण किया गया।

- ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों ने अभियान में लिया हिस्सा

ग्रामीण, किसानों सहित बुजुर्ग, महिलाएं, स्कूली बच्चों ने इस अभियान से जुड़कर अपने-अपने क्षेत्रों में पौधे लगाए। स्वच्छ वातावरण के लिए वृक्षों की अहम भूमिका है। नीम और तुलसी के साथ पीपल दुनिया में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों में से एक है। पीपल के पेड़ प्रदूषकों को सोखकर वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करते है। गहरी जड़ों वाले पीपल के पेड़ मिट्टी के संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं। कलेक्टर ने सभी से इस अभियान से जुड़कर अधिकाधिक पौधरोपण करने की अपील की।

# कलेक्टर ने शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज मरवाही विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर समय पर शाला खुलने, शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडी, निमधा, सेजेस सिवनी, पत्थरी टोला, बनियाडांड लरकेनी व प्राथमिक शाला सिलवारी टोला सिवनी का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, विद्यार्थियों की संख्या, गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरण आदि का अवलोकन कर कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश शिक्षकों को दिए।

- कमजोर बच्चों पर की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने शिक्षकों को निर्देश

कलेक्टर ने कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला निमधा में नवमी, दसवीं के बालिकाओं को ब्लैक बोर्ड में अंग्रेजी विषय में टेंस, काइंड ऑफ सेंटेंस के बारे में पढ़ाया और छात्राओं से सवाल जवाब किया। उन्होंने बारहवीं के कला संकाय के विद्यार्थियों को भूगोल विषय में नदी, पर्वत, मानचित्र आदि के संबंध में सवाल कर उनके सामान्य ज्ञान की परख की। इसी तरह सेजेस सिवनी में 12वीं कक्षा के बच्चों को हिंदी विषय में कविता, छंद, अलंकार आदि के बारे में उदाहरण सहित सवाल पूछ कर उनके ज्ञान की जांच की। कलेक्टर ने प्राइमरी के बच्चों से भी पुस्तक पढवाकर और ब्लैक बोर्ड में बच्चों से नाम लिखवाकर उनके बौद्धिक क्षमता की जांच की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे एवं परियोजना निदेशक जिला पंचायत, कौशल प्रसाद तेंदुलकर भी उपस्थित थे।



निरीक्षण करतीं कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी।

### साफ सफाई आदि का अवलोकन

कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र निमधा में ओपीडी पंजी, दवाइयों की उपलब्धता, वितरण, डिलेवरी सुविधा सहित साफ सफाई आदि का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे और परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर उपस्थित थे।

### प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी

कलेक्टर ने स्कूलों, आंबा केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण उपरांत तहसील कार्यालय मरवाही में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत करने तहसीलदार को निर्देश दिए।

### समय पर उपस्थित होने के निर्देश

कलेक्टर लीना कमलेश मंडानी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की दर्ज संख्या, उपस्थिति, रेडी टू ईट, बच्चों में पोषण का स्तर, वजन, ऊंचाई मशीन की जांच, मैन्यू के अनुसार भोजन प्रदाय करने की जानकारी ली। आंबा सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं को समय पर केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास परसदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी – 192, आबंटी श्री मदन कोष्टा पिता श्री रतन कुमार कोष्टा, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.08.2015 को पंजीकृत किया गया है। आवंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री रोहित कौशिक पिता श्री गोरेलाल कौशिक को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. फ्लेट नं. 35/412 (भूतल) श्री स्पर्श जायसवाल पिता स्व. श्री उत्कर्ष जायसवाल के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.05.2019 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 19.06.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती प्रियंका जैन पति श्री उमेश जैन के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार तारिणी देवांगन पति–विक्की देवांगन, निवासी– वार्ड नं.–55, अंजलि विहार, चांटीडीह, लिगिंयाडीह एसईसीएल बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) पिन नंबर–495006, के द्वारा श्रीमती कृष्णा प्रधान पति–श्री एम.आर. राई जाति–प्रधान, निवासी अग्रसेन मार्ग कोरबा, थाना व तहसील–कोरबा, जिला–कोरबा (छ.ग.) के स्वत्व व स्वामित्व की भूमि मौजा–चांटीडीह प.ह.नं.–20/32, रा.नि.मं.–बिलासपुर, विकासखण्ड–बिल्हा, तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर–234/6 रकबा (40×40) 1600 वर्गफीट भूमि में से (25×40) 1000 वर्गफुट भूमि क्रय किये जाने का पक्का सौंदा किया गया है, जिसका पंजीयन शीघ्र होना तय है।

अतः किसी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था या अन्य किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपरोक्त पते पर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, उक्त दिवस के पश्चात की गयी कोई भी दावा आपत्ति अमान्य एवं शून्य मानी जावेगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक–03.07.2024
स्थान–बिलासपुर
भवदीय
पवन कुमार मोहले
अधिवक्ता मो. 7982810526

**शपथ पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम फातिमाह बाई पिता मुजफ्फर हुसैन, अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम फातेमा भारमल निवासी मकान नं. 264 वार्ड नं. 4 संगम नगर तखतपुर जिला–बिलासपुर छ.ग. 495330 रख ली हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नये नाम फातेमा भारमल से जाना एवं पहचाना जाए।

**शपथकर्ता**
**फातेमा भारमल**
**पता- मकान नं. 264 वार्ड नं. 4 संगम नगर तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. पिनकोड-495330**
**मो. 9893829969**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल**
**सरकंडा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक 21.05.2024

प्रति,
1. आवेदक रोजा सेवती बखला पति जयंत कुमार दास आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. रायल 3. मधुलता दुबे, 4. लक्ष्मीकांत धीवर।

**विषय:सीमांकन में उपस्थिति बाबत।**

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ना.तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह. /ना.तह./वा./2024 बिलासपसुर दिनांक / /2024

ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 259/36 रकबा 1260 व.फु. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका रोजा सेवती बखला पति जयंत कुमार दास के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04.07.2024 को समय 11.00 से 5.00 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकंडा**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तुरी, जिला–बिलासपुर, छ.ग.
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.–. /अ–2/2023–24
मौजा – मस्तुरी
तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर,छ.ग.

रोहित कुमार श्रीवास पिता विजय श्रीवास,
निवासी ग्राम मस्तुरी,
तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर, छ.ग.
.............आवेदक/आवेदिका

**विरुद्ध**

छ.ग. शासन..............अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम मस्तुरी, प.ह.नं. 31, तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रोहित कुमार श्रीवास पिता विजय श्रीवास, निवासी ग्राम मस्तुरी, तहसील मस्तुरी, जिला–बिलांसपुर, छ.ग. द्वारा मौजा मस्तुरी, प.ह.नं. 31, तहसील मस्तुरी, जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 280/48, रकबा 0.008 हे/. वर्गफीट भूमि को छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा–172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 12.07.2024 के लिये नियत है।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम अमेरी, प.ह.नं.–04 रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, वि.खं. तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 38/1 , 38/2 शामिल खाता में से 3000 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता राजेश कुमार यादव पिता रामेश्वर प्रसाद यादव, निवासी–कुदुदण्ड बिलासपुर, तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.) वाले से क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था/निकाय / बैंक को किसी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दिये गये मोबाईल नंबर/पता पर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा आवश्यक रूप से क्रेता अपने पक्ष में रजिस्ट्री कराने हेतु बाध्य रहेंगे।

सो सूचना जाने।
दिनांक–01/07/2024
बिलासपुर (छ.ग.)
**भवदीय**
**दुर्गेश चन्द्राकर**
**पिता श्री जूठेल चन्द्राकर**
**पता कस्तुरबा नगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9893740326, 9827634583**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अतुलेश अग्रवाल पिता - बजरंग लाल अग्रवाल, निवासी हंसा विहार श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर का हूँ

यह कि मेरी पुत्री के नाम AARADHYA AGRAWAL के नाम की स्पेलिंग गलत हो गई है जिसे AARADHAYA AGRAWAL सही स्पेलिंग करना है ताकि समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय जगहों में काम आये।

अतः मेरी पुत्री को अब से AARADHAYA AGRAWAL के नाम से जाना पहचाना जावे।

**अतुलेश अग्रवाल**
**हंसा विहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग**
**लिंक रोड बिलासपुर**



# अभी नहीं है कोई बब्बर शेर : कबीर

**मुंबई।** कबीर खान ने सलमान खान के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान और कबीर खान ने 'बब्बर शेर' नाम की फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। कैटरीना कैफ के साथ भी कबीर खान के बहुत अच्छे तालमेल हैं। ऐसे में सलमान और कबीर की नई फिल्म को लेकर जैसे ही अफवाहें उड़ीं, फैंस फिल्म में कैटरीना कैफ के होने की उम्मीद लगाने लगे। कबीर खान अब इन अफवाहों पर बात करते हुए इनका खंडन किया है। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि ये सब बाजार में अटकलें हैं। अभी कोई बब्बर शेर नहीं है।

लाइफ Style




# शरवरी
## 'मुंज्या' बनने रोज लगते थे 5 घंटे

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिर्फ 30 करोड़ रुपए की लागत में बनी फिल्म मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अभी तक 118 करोड़ 51 लाख रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। शरवरी वाघ और अभय वर्मा स्टारर यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में कामयाब रही। फिल्म का वो सीक्वेंस फैंस ने खूब एन्जॉय किया।

जब शरवरी वाघ यानि बेला में मुंज्या की आत्मा आ जाती है। इसके बाद उसका चेहरा और उसकी चाल-ढाल सब काफी हद तक मुंज्या जैसा हो जाता है। शरवरी वाघ को फिल्म के लिए मुंज्या वाला लुक लेने में 4 से 5 घंटे तक लग जाया करते थे। शरवरी वाघ ने फिल्म मुंज्या के लिए किए गए प्रोस्थैटिक मेकअप की तस्वीरें और इसका पूरा किस्सा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। शरवरी वाघ ने इस वीडियो में बताया, 'जब मुंज्या के लिए प्रोस्थैटिक्स किए जा रहे थे तो हर रोज सुबह इसमें पांच घंटे लगा करते थे। सभी प्रोस्थैटिक को एक-एक करके जोड़ा जाता था। इसके बाद पूरे प्रोस्थैटिक मेकअप को हटाने में डेढ़ घंटा लगता था। हमारे पास 5-6 लोगों की एक टीम थी जो लगातार टच में रहती थी, क्योंकि इसमें बहुत छोटी-छोटी डिटेलिंग होती थी। आपको हर चीज को बहुत ध्यान से देखना पड़ता था।' शरवरी वाघ ने बताया कि उन्हें और फिल्म के निर्देशक आदित्य को कई चीजों पर काफी माथापच्ची करनी पड़ी। शरवरी वाघ ने बताया, 'जब मुझमें मुंज्या की आत्मा मेरे शरीर में आ जाती है तब मुझे नहीं पता था कि मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज कैसी रखनी है।

हॉलीवुड मसाला




# बेवरली हिल्स पर शानदार वापसी

**लॉस एंजिलिस।** करीब 22 साल के रहे होंगे अभिनेता एडी मर्फी जब पहली बार साल 1984 में वह अपने चिर परिचित किरदार एक्सेल फोले के रूप में बड़े परदे पर चमके। फिल्म थी, 'बेवरली हिल्स कॉप' और उन दिनों हॉलीवुड फिल्में इतनी बड़ी तादाद में तो भारत में रिलीज नहीं होती थीं, लेकिन इसके वीएसएच की मांग उन दिनों बहुत हुआ करती थी। अब इस फिल्म फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई है। फिल्म देखने के बाद इसे एक बार फिर से बड़े परदे पर देखने का मन भी करता है।




# महिला होकर फिल्म बनाना है मुश्किल...

**लॉस एंजिलिस।** केट विंसलेट को म्यूनिख अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सम्मानित किया गया है। उन्हें सिनेमेरिट पुरस्कार से नवाजा गया है। इस कार्यक्रम में उन्होंने युद्ध फोटोग्राफर ली मिलर पर आधारित फिल्म में अभिनय करने और उसका निर्माण करने को लेकर खुलकर बात की। फेस्टिवल में पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मंच पर आते हुए विंसलेट ने जानकारी दी कि 'ली' की रिलीज को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'एक महिला के तौर पर फिल्म बनाना मुश्किल है और महिलाओं के बारे में फिल्म बनाना और भी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के जरिए लोग ली मिलर जैसी असाधारण रूप से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक हस्तियों की कहानियों को सुनने के लिए ज्यादा खुले कान और खुली आंखें रखेंगे।' ली मिलर एक मॉडल थीं।



# पाकिस्तानी हीरो संग आएंगी नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर जल्द ही बड़े पर्दे पर पाकिस्तानी अभिनेता के साथ नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी फिल्म होगी, जिसका नाम अभी तय नहीं है। अब एक्टर क्योंकि पाकिस्तानी है तो ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि दर्शक कोई बवाल न करें या शूटिंग में कोई खलल न हो। लेकिन, निर्माताओं ने इसका भी इंतजाम कर लिया है। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी।वाणी के साथ जिस पाकिस्तानी अभिनेता की जोड़ी जमने वाली है, वह हैं फवाद खान। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की कहानी मोहब्बत में धोखा खाए दो लोगों पर आधारित है, जो किस्मत से एक-दूसरे से मिलते हैं। बुरे वक्त में एक-दूसरे की मदद करते हैं और इसी दौरान एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। कहा जा रहा है कि सर्दियों में शुरू होगी।



# 'बेबी जॉन' में सल्लू खास रोल में...

**नई दिल्ली।** एटली फिलहाल अपने प्रोडक्शन में एक नई फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जहां वरुण के साथ साउथ स्टार कीर्ति सुरेश डेब्यू करने जा रही हैं, वहीं जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी और सान्या मल्होत्रा इसमें नजर आएंगे। अब इसमें सलमान खान के कैमियो की खबरें आ रही हैं। एक रिपोर्ट कहती है कि एटली के प्रोजेक्ट 'बेबी जॉन' में सलमान खान एक खास रोल में नजर आने वाले हैं। वरुण की ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है और कुछ रिपोर्ट्स कहती हैं कि सलमान भी फिल्म के एक महत्वपूर्ण सीन में वरुण के साथ एक्शन सीक्वेंस में नजर आएंगे। सलमान और वरुण धवन इससे पहले भी साथ में स्क्रीन पर नजर आ चुके हैं। जहां वरुण की 'जुड़वा 2' में सलमान ने कैमियो किया था।

टीवी मसाला

# 'मिस्टर हाथी' ने क्यों ठुकराया था यशराज फिल्म्स का ऑफर?

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में डॉ हंसराज हाथी का किरदार निभाने के लिए जाने जाने वाले एक्टर निर्मल



सोनी ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने एक फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था जो उन्हें आदित्य चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी यश राज फिल्म्स द्वारा ऑफर की गई थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह इस ऑफर पर साइन करने के लिए एक्साइटेड क्यों नहीं थे। जब उनसे पूछा गया कि वह बड़े पर्दे पर या वेब सीरीज में कब नजर आएंगे, तो एक्टर ने कहा, 'मुझे बहुत सारे ऑफर मिल रहे हैं। हाल ही में मुझे यशराज फिल्म्स से ऑफर मिला है। लेकिन इन दिनों फिल्मों की शूटिंग एक ही बार में की जाती है। यशराज फिल्म के लिए उन्होंने मुझे लगातार 45 दिनों तक फ्री रहने के लिए कहा, मैं इतने दिनों तक टीवी शो से दूर नहीं रह सकता।' 'तारक मेहता का उलटा चश्मा' में 'डॉक्टर हाथी' का रोल निभाने वाले अभिनेता कवि कुमार आजाद का 9 जुलाई को हॉर्ट अटैक से निधन हो गया था। कवि कुमार आजाद के निधन के कुछ दिन बाद शो के मेकर्स ने रिप्लेसमेंट में निर्मल सोनी को फाइनल किया गया था।

## गिरती टीआरपी की वजह से इस महीने इन शोज पर लगेगा ताला?

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में रोजाना कई नए सीरियल्स आते-जाते रहते है। इनमें से कुछ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आती है और ये शोज सुपरहिट हो जाते हैं। लेकिन कई शोज ऐसे भी हैं जिनकी कहानी दर्शकों को एकदम पकाऊ लगती है और इस वजह से इन सीरियल को दर्शक




देखना बंद कर देते हैं। नतीजा ये होता है कि इन सीरियल्स की लगातार टीआरपी गिरती रहती है। इस महीने पर कई सीरियल्स ऐसे हैं जिनका पैकअप हो सकता है। जी हां, इस लिस्ट में आपके फेवरेट सीरियल्स का नाम भी हो सकता है। 'उड़ारिया' शो दर्शकों को काफी पसंद आया था। इस सीरियल की कहानी से लेकर स्टारकास्ट तक हर किसी ने दर्शकों के दिलों पर एक अलग ही छाप छोड़ी थी। टीआरपी के मामले में भी इस शो ने बाजी मार ली थी। लेकिन 'उड़ारिया' में जबसे लीप आया और स्टारकास्ट में बदलाव आया है, तब से इस शो का एंगल दर्शकों को खास पसंद नहीं आ रहा है।

# जवान-केजीएफ को पछाड़ 'कल्कि 2898 एडी' ने तोड़े आठ रिकॉर्ड...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में खूब पसंद की जा रही है। यही वजह है कि प्रभास की फिल्म देश ही नहीं, दुनियाभर में नए-नए रिकॉर्ड कायम कर रही है। कल्कि 2898 एडी दुनियाभर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म बंपर कमाई कर रही है और कहानी लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में 6000 साल बाद होने वाली घटना को दिखाया गया है। फिल्म में 81 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन ने जो कमाल दिखाया वो सबको पसंद आ रहा है। फिल्म एक के बाद एक कई रिकॉड्र्स अपने नाम कर रही है। अब तक फिल्म ने करीब 8 रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। बुक माई शो पर कल्कि 2898 एडी ने यश की केजीएफ चैप्टर 2 के मुकाबले ओपनिंग वीकेंड में ज्यादा टिकट



बेचने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।पहले वीकेंड पर कल्कि ने दुनियाभर में पचरम लहराया। फिल्म ने ग्लोबली 555 करोड़ का कलेक्शन करके जवान को पछाड़ दिया। इसके अलावा कल्कि वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। विदेश में अपना परचम लहराते हुए कल्कि ने कनाडा में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तेलुगू फिल्म बन गई। वहीं, मलेशिया में प्रभास कल्कि के जरिए अपनी ही फिल्म सालार का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। जर्मनी में कल्कि ने साहो, आरआरआर, ब्रह्मास्त्र और केजीएफ 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल्कि ने अपना जादू अमेरिका में दिखाते हुए वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड बनाया।



# पत्नी शूरा के साथ अस्पताल के बाहर नजर आए अरबाज

*मुंबई। अरबाज खान ने शूरा ने पिछले साल शादी की दिसंबर में। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर खूब प्यार लुटाते रहते हैं। इसके अलावा दोनों लंच या डिनर डेट पर भी जाते रहते हैं। अब शूरा और अरबाज को बीती शाम यानी कि मंगलवार शाम को अस्पताल के बाहर स्पॉट किया गया। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अस्पताल से बाहर आ रहे थे। इसके बाद दोनों ने पैपराजी के सामने पोज दिए। इतना ही नहीं जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या गुड न्यूज है? तो अरबाज चुप रहे, लेकिन शूरा ना बोलेकर वहां से स्माइल करते हुए चली गईं। इस दौरान शूरा ने क्रॉप टॉप और एक शर्ट पहनी थी, डेनिम शॉर्ट्स के साथ। वहीं अरबाज भी कैजुअल लुक में दिखे। वीडियो पर लोगों के काफी फनी कमेंट्स आ रहे हैं। किसी ने लिखा कि लगता है परिवार बड़ा होने वाला है। तो किसी ने लिखा ये आप लोग खुशखबरी पूछ-पूछकर उनसे बेबी करवा ही लोगे। वहीं एक ने लिखा कि दोनों साथ में अच्छे लगते हैं। दोनों के बीच बहुत प्यार है। अरबाज और शूरा ने सालभर की डेटिंग के बाद दिसंबर 2023 में शादी की। दोनों की शादी सभी के लिए शॉकिंग थी क्योंकि किसी को उनके रिलेशन की भनक नहीं पड़ी थी।*

ज्योतिष शास्त्र को मानते हैं ये फिल्मी सितारे

# नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का लेते हैं सहारा

*नई दिल्ली। लोगों के अंदर किसी न किसी चीज को लेकर डर होता है और इस डर से निजात पाने के लिए हम कई तरह की चीजों का सहारा लेते हैं। कई लोग तो टोने टोटके जैसी चीजों पर भरोसा करते हैं। आज के दौर में भी कई लोग ऐसे हैं जो अंधविश्वासी हैं और समस्या से निजात पाने के लिए टोने टोटके जैसी चीजों का सहारा लेते हैं। इंडस्ट्री में भी ऐसे कई ऐसे सितारे हैं, जो मॉर्डन होने के बाद भी इन सब चीजों पर भरोसा करते हैं। कई सितारे हैं, जो अपने अंदर का डर खत्म करने और नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का सहारा लेते हैं।*



**अमिताभ बच्चन :** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन ज्योतिष में काफी मानते हैं। उन्हें अक्सर नीलम, पन्ना और ओपल जैसे रत्नों की अंगूठियां पहने हुए देखा जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन्हीं रत्नों की वजह से बिग बी को कई परेशानी भरे दौर से निकलने में मदद मिली है।



**शाहरुख खान :** बॉलीवुड किंग शाहरुख खान का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। शाहरुख खान भी इन सब चीजों पर काफी भरोसा रखते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किंग खान ने ज्योतिष शास्त्र को मानते हुए, अपनी सभी गाड़ियों का नंबर 555 रखा है।



**एकता कपूर :** टीवी क्वीन एकता कपूर का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आता है। इस बात से तो कोई अंजान नहीं होगा कि वह अपने हाथों में कई रत्नों की अंगूठियां पहनती हैं। वह ज्योतिष शास्त्र पर काफी भरोसा करती हैं।

**रणबीर कपूर :** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वह भी इन सब चीजों में काफी मानते हैं। रणबीर कपूर आठ नंबर को अपने लिए बेहद लकी मानते हैं।



**रणवीर सिंह :** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का नाम भी इन सितारों में शामिल है। रणवीर भी ज्योतिष में काफी मानते हैं। रणवीर सिंह अपने पैर में हमेशा काला धागा बांध कर रखते हैं। ताकि उन्हें लोगों की बुरी नजर न लगे। इसकी कई तस्वीरों में भी उनके पैर में काला धागा दिखाई दिया है।

3- JULY -BSP- pg- 6_Layout 1 7/4/2024 12:16 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 को

**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पुलिस भर्ती-2021 की शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। छग उच्च न्यायालय के याचिका क्रमांक-डब्ल्यूपीएस-4378/2023 में 20 मई 24 को पारित आदेशानुसार मुख्य लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 370 अतिरिक्त पुरुष उम्मीदवारों का चयन किया गया। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सूबेदार/उपनिरीक्षक/उपनिरीक्षक (विशेष शाखा)/प्लाटून कमांडर के पदों के लिए चयनित 370 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर 11 जून 2024 को प्रदर्शित की। इसी क्रम में शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 जुलाई को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पीछे, परशुराम चौक कोटा-रायपुर में सुबह 7 बजे से आयोजित की जाएगी।

### बछिया को कुचलने वाले युवक की अर्जी खारिज

**बिलासपुर।** कार से कुचलकर बछिया को मारने वाले युवक की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। 25 जून की रात 3 बजे डिसाइपल चर्च के पास कार सवार युवक ने पहले सड़क किनारे बैठी बछिया पर गाड़ी चलाने की कोशिश की। उसके बाद कार पीछे कर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए बछिया के ऊपर से निकालकर चला गया। हादसे में बछिया की मौत हो गई थी। पूरी घटना पास की एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दूसरे दिन तारबाहर पुलिस ने बंगालीपारा निवासी गौसेवक शिवांश पाण्डेय की शिकायत पर वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 3177 में सवार युवकों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4 एवं 10 के तहत जुर्म दर्ज कर किया था। 28 जून को पुलिस ने कार चालक तारबाहर निवासी शेख शाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। परिजन ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी लगाई थी। 3 जुलाई को कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### गाड़ी की टक्कर से निगमकर्मी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार स्वराज माजदा के चालक ने स्कूटी सवार निगमकर्मी को टक्कर मार दी। जिससे वे घायल हो गए हैं। पुलिस ने माजदा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा निवासी सत्यसांई मुदलियार नगर निगम जोन 3 में लिपिक हैं। 2 जुलाई की शाम 5 बजे वे स्कूटी क्रमांक सीजी 10 पी, 0705 से व्यापार विहार अपनी बहन रमणी मुदलियार को लेने जा रहे थे। श्रीकांत वर्मा मार्ग सांई परिसर के पास पीछे से आ रहे स्वराज माजदा के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वे स्कूटी सहित गिर गए। हादसे में उनके शरीर के विभिन्न जगहों में चोट आई है।

### आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए जन-चौपाल

**बिलासपुर।** आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए दर्रीघाट में जन चौपाल लगाया गया। इसमें विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को इसका प्रबंधन करने के सुझाव दिए हैं। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान के मार्गदर्शन में मंगलवार को राजमार्गों में आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए जनपद पंचायत मस्तूरी के ग्राम दर्रीघाट में जन चौपाल लगाया गया। इसमें प्रत्येक विभाग के अधिकारियों ने आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रमिल कुमार लठारे ने पशुपालकों को खुले में अपना मवेशी नहीं छोड़ने की अपील की। ग्रामीणों ने ग्राम में निस्तारी करने पचरी निर्माण, सड़क निर्माण तथा पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पुल की मरम्मत तथा बड़े वाहनों के आवागमन को रोकने स्टॉपर लगाने की मांग की।

## रेत की कालाबाजारी : रोजाना 100 ट्रक की डिमांड, स्टाक कर माफिया बढ़ा रहे दाम, मनमानी कीमत पर करते हैं खरीद फरोख्त

# 6500 वाली एक ट्रक रेत 16 हजार में बेच रहे माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भले ही तीन रेत खदानों की नीलामी हुई है लेकिन उनका विधिवत आबंटन अभी तक नहीं हो सका है। इस लिहाज से जिले में एक भी रेत खदान अभी चालू नहीं है। हालांकि यह सब कागजों में है और रेत खदानों में खनिज माफिया द्वारा खुलेआम खनन किया जा रहा है। रात भर नदी में खनन कर के रेत का पहाड़ बना दिया जाता है। इसके बाद दिन भर खुलेआम यहां से मनमाने दाम पर रेत की खरीद-फरोख्त चलती रहती है। जिले में रोजाना औसतन 100 हाइवा रेत की खपत है। ऐसे में खनन माफिया रेत का अवैध स्टॉक करके मनमानी कीमत में बेच रहे हैं। हैरानी की बात है कि मेन रोड से कुछ दूरी पर अवैध रेत स्टॉक करके रखी जा रही है। यही कारण है कि 6500 रुपए में एक ट्रक मिलने वाली रेत की कीमत 16 हजार के पार कर गई है।

जिले में सभी रेत घाट बंद हैं। कई घाट नीलामी के बाद पर्यावरण एनओसी नहीं मिलने के कारण बंद है। दूसरी ओर अब महंगी रेत का असर लगभग सभी बिल्डरों के प्रोजेक्ट पर पड़ रहा है। सभी के प्रोजेक्ट धीमे हो गए हैं या फिलहाल बंद कर दिए गए हैं। हालांकि खनिज विभाग दिन के साथ ही जिले की रेत घाटों पर रात में भी नजर रखने के लिए गश्त टीम बनाने की बात कर रहा है लेकिन लगाम नहीं लग सकी है। ज्ञात हो कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदान बंद रहेंगे। हालांकि यह सब कागजों में होगा, इधर जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर हो रहा है। एनजीटी की रोक के बाद भी मशीनों से नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है।

**बिरकोना रोड पर डंप मटैरियल**



### लगातार हो रही कार्रवाई

अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। भंडारण के मामलों में भी केस दर्ज किया गया है। 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानें बंद हैं। व्यापार विहार में देखना होगा कि यह रेत किसलिए डंप की गई है। शासकीय कार्यों के लिए तो इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। अवैध भंडारण पाया गया तो जरूर कार्रवाई होगी।
**- रमाकांत सोनी,** खनिज अधिकारी

**व्यापार विहार में बड़े पैमाने पर डंपिंग:** बारिश से पहले रेत के डंप के लिए ठेकेदार को खनिज विभाग से अनुमति लेना होती है। जिले में 6 खदान संचालकों को भंडारण की अनुमति दी गई है जबकि 20 से अधिक जगहों पर अवैध डंपिग हो रही है। नदी से सटे लगभग प्रत्येक गांव के प्रभावशाली लोगों द्वारा अपने-अपने ट्रैक्टरों से रेत को उठाकर खाली स्थानों पर भंडारण किया गया है। व्यापार विहार में त्रिवेणी भवन के पीछे बड़े पैमाने पर रेत डंप की गई है। शाम होने के साथ ही इसकी बिक्री भी की जा रही है। खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी के मुताबिक देखना होगा कि यह रेत किसलिए डंप की गई है। शासकीय कार्यों के लिए तो इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।

**जगह-जगह बने रेत डंपिंग यार्ड:** शहर के दयालबंद, मधुबन, राजकिशोर नगर, तोरवा, सरकंडा, कुदुदंड, सकरी, दोमुहानी सहित आसपास के इलाकों में सार्वजनिक जगहों के साथ ही निजी प्लॉट में बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखी गई है। यहां शाम होते ही डंप रेत को बेचने और इधर-उधर खपाने का खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि इन जगहों से दिन में भी रेत बेचने का खेल चल रहा है। इन जगहों से ट्रैक्टर में रेत भर भरकर कालाबाजारी की जा रही है।

**अशोक नगर रोड**



**लिंगियाडीह**



**व्यापार विहार रोड**



### रेत की कमी हुई तो शुरू हुई कालाबाजारी

हालत यह है कि अब दिन के साथ रात में भी रेत घाटों से अवैध उत्खनन जारी है। बारिश में रेत खनन पर प्रतिबंध की बात करते हुए रेत माफियाओं ने रेत का शार्टेज बताकर कीमतें बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि 1200 से 1500 तक मिलने वाले एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 3000 से 3500 तक पहुंच गया है। साथ ही प्रति हाइवा रेत साढ़े 6 हजार से बढ़कर 16 हजार के पार हो गया है। दूसरी ओर देखा जाए तो खनिज अधिकारी बीते एक सप्ताह से अवैध उत्खनन व रेत का भंडारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि इसके बाद भी रोक नहीं लग पा रही है। खनिज माफियाओं ने रेत की आपूर्ति भी कम कर दी है। कमी की आड़ में कीमतें भी बढ़ा दी गई हैं। देखा जाए तो जिले में रेत की कीमत तय नहीं है इसलिए रेत माफिया मनमानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारी रेट निर्धारण के लिए नियम कायदे तय नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए ही कहा जाता है कि खनिज माफियाओं पर कार्रवाई महज दिखावे की होती है।

## चोरी के जेवर खरीदने वाले व्यापारी पर पुलिस मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के 22 घरों से चोरी करने के बाद युवक ने करीब 15 से 20 लाख के जेवर शहर के सराफा व्यापारी को बेच दिया था। पुलिस ने सराफा व्यापारी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया, उसके बाद बीमार होकर सिम्स में भर्ती हो गया। 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस सराफा व्यापारी पर मेहरबान बनी हुई है।

27 जून को सिरगिट्टी पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए बताया, तिफरा के लोगों ने संदिग्ध रूप से घूम रहे अनूपपुर जैतहरी गोरसी निवासी रामचंद राठौर पिता भारत सिंह राठौर 27 साल को पकड़कर सिरगिट्टी पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में कोटा क्षेत्र में हुई चोरी के सीसीटीवी फुटेज का मिलान किया तो वही युवक निकला। कड़ाई बरतने पर वह टूट गया और सिरगिट्टी, रतनपुर, कोटा, मस्तूरी, बेलगहना, मुंगेली, लोरमी, जरहागांव, रायगढ़, सक्ति व मध्य प्रदेश में अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला सहित 22 घरों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। टीआई विजय चौधरी ने बताया, पूछताछ में आरोपी रामचंद राठौर ने चोरी के जेवर गोलबाजार के सराफा व्यापारी शेखर सोनी के पास बेचना बताया। उसके आधार पर पुलिस ने सराफा व्यापारी सोनी को पकड़कर थाने ले गई। पूछताछ करने के बाद रात में उसे बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया था। दूसरे दिन व्यापारी शेखर सोनी सिम्स में भर्ती हो गए। बताया जाता है उनका सिम्स से छुट्टी हो गई है।

### स्वस्थ होने पर की जाएगी गिरफ्तारी

चोरी के आरोपी ने चोरी के जेवर सराफा व्यापारी शेखर सोनी के पास बेचना बताया है। पूछताछ में व्यापारी ने जेवर खरीदना स्वीकार किया था। स्वास्थ खराब होने के कारण छोड़ दिया गया था। स्वस्थ होने पर गिरफ्तारी कर चोरी के जेवर बरामद किया जाएगा।
**-विजय चौधरी**, सिरगिट्टी टीआई

## बच्चों से मजदूरी, पिकअप से उतारकर पुस्तकों के बंडल पहुंचाते रहे विद्यार्थी

**सरकंडा स्कूल का वीडियो वायरल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल खुलने के साथ ही अब भरारी स्थित छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से सभी स्कूलों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक पहंचाई जा रही है। दूसरे स्कूलों की तरह बुधवार को सरकंडा मुक्तिधाम के सामने स्थित पंडित रामदुलारे बालक स्कूल में भी पिकअप से पुस्तकें ले जाई गई थीं, इन पुस्तकों के बंडल को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों से ही खाली कराया गया। सड़क से कक्षा तक बच्चों ने पुस्तकों के बंडलों को कंधे और सिर पर उठाकर पहुंचाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रहा है, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन के कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने लगा है। इधर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू का इस मामले में कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी। प्रबंधन को स्कूली बच्चों से पुस्तकों को खाली नहीं कराना चाहिए था।

### झाड़ू-पोंछा लगाते वीडियो हुआ था वायरल

सरकंडा के इसी स्कूल से पिछले शिक्षण सत्र में एक और फोटो-वीडियो वायरल हुआ था। इसमें स्कूली बच्चे झाड़ पोंछा लगाते दिख रहे थे। उस दौरान भी जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच की बात कही थी। इसके लिए एक टीम भी बनाया गया था। लेकिन आज तक इस मामले की जांच रिपोर्ट नहीं आ पाई है।

## स्वीकृत कार्य जल्द शुरू करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के कमिश्नर अमित कुमार ने बुधवार को विकास भवन में सभी जोन कमिश्नरों की मीटिंग लेकर कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने ने सभी जोन में अप्रारंभ स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश देते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने कहा है। इसके साथ ही बारिश में जल भराव से उत्पन्न होने वाली समस्या के लिए जोन की टीम को एलर्ट रहने भी कहा है।

- जोन कमिश्नरों की ली मीटिंग
- जल भराव के लिए अलर्ट रहे टीम

नगर निगम में आगामी दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसको ध्यान में रखकर निगम कमिश्नर ने मापदण्डों के अनुरूप साफ-सफाई, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट का काम करने और जागरूकता कार्यक्रम चलाने कहा है। 10 जुलाई से नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर लगना शुरू हो रहा है, जिसके लिए जोन कमिश्नरों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने कहा गया है। पन्द्रहवें वित्त, अधोसंरचना मद से जो कार्य अप्रारंभ है उन्हें शीघ्र शुरू कराने कहा गया है, साथ ही जो निर्माण कार्य निगम एरिया में चल रहे हैं, उन्हें तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात में जगह-जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे निपटने के लिए निगम कमिश्नर ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन की टीम को तैयार रहने कहा है और जहां कहीं से भी जल भराव की समस्या आती है, वहां पर तत्काल टीम पहुंचकर उसका निराकरण करना है। इसी तरह बारिश की वजह से सड़क खराब होने या सड़कों में गढ्ढा होने पर सड़कों का सर्वे करने और उसका मरम्मत कराने भी कहा गया है। डायरिया आदि बीमारी से बचाव के लिए संभावित संक्रमित एरिया में विशेष ध्यान देने और साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**Teachers Required**

Mathematics - 02
Social Study - 02
Sanskrit - 01
English - 02
Hindi - 02
Primary Teacher - 02

Note
- Salary Negotiable
- Fluency in English
- Preference to Experience teacher's
- Apply with detailed Biodata Within 7 days

Principal
Shantiniketan Public School
Punjabi Colony, Dayalband Bilaspur C.G.

## 14 ट्रेनें री-शेड्यूल, फिर भी एक्सप्रेस व सुपर फास्ट में वेटिंग 300 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधोसंरचना और विकास कार्य के नाम पर रेलवे ने जून-जुलाई महीने में 115 से अधिक ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों पर रद्द कर रखा है। दबाव और विरोध बढ़ने पर अब खड़गपुर रेल मंडल अंतर्गत सांकराई-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने 29 जून से 8 जुलाई तक लिए गए ब्लॉक कार्य के चलते रद्द 14 ट्रेनों को फिर से री-शेड्यूल कर दिया है। इसके बाद भी बची हुई ट्रेनों में कंफर्म टिकट के लिए लंबी कतार है।

- भीड़ से यात्री परेशान, ,ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं

आजाद हिन्द में 307 तो हावड़ा सुपर फास्ट 265, उत्कल में वेटिंग लिस्ट 81 से पार पहुचं गई है। ऐसे में ट्रेनों में यात्रा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे लगातार इंटरलॉकिंग के नाम पर ट्रेनों को कैंसल कर रही है, जिसके चलते जो ट्रेनें पटरियों पर चल रही हैं। उनमें पैर रखने तक की जगह नहीं है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली सारी ट्रेनें इन दिनों फुल चल रही हैं। वेटिंग टिकट पर यात्रा करने की मजबूरी है। ऐसे में सीट के लिए भी प्रतिदिन विवाद हो रहा है।



**पलायन वापसी से ट्रेनों में अधिक भीड़**

एक तरफ सीमित ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं, तो दूसरी तरफ इन दिनों कमाने-खाने दिल्ली, मुंबाई, आगरा और जम्मू की तरफ पलायन करने वाले मजदूर किसानी के काम के लिए अपने गांव-घर लौट रहे हैं। ऐसे में सारी ट्रेनें मजदूरों से भरी हुई है, जिसके कारण भी लोगों को सीटें नहीं मिली पा रही हैं।

### हर ट्रेन में लंबी वेटिंग लिस्ट

हावड़ा-बिलासपुर रूट के संतरागांछी एसआरसी सुपर फास्ट की वेटिंग 162 से अधिक है। गीतांजली में 100 और आजाद हिन्द में वेटिंग 307 पार हो गया है। ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में वेटिंग टिकट 141 पहुंच गया है। हावड़ा एडीआई सुपर फास्ट में वेटिंग 265 पार है। एलटीटी एक्सप्रेस में वेटिंग 124 के पार है। दिल्ली-हावड़ा सहित सभी रूटों की ट्रेनों में इन दिनों कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट दिखाई दे रही है। वर्तमान में जहां दिल्ली-बिलासपुर रूट के कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस में वेटिंग 102 से पार है। इसी तरह गोणवाना में 74 और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में वेटिंग टिकट 42 के पार पहुंच गई है।

## बिलासा एयरपोर्ट को कोलकाता और दिल्ली से जुड़ने बढ़े यात्री

# मई के मुकाबले जून में 48% यात्री बढ़े, 31 सौ ने किया सफर

**बिलासपुर।** बिलासपुर को देश के 2 महानगरों से जुड़ने का फायदा होने लगा है। हवाई सफर करने वालों में 48 फीसदी यात्री बढ़े हैं। 5 जून से शुरू हुए शेड्यूल के तहत अबतक 3 हजार 91 यात्रियों ने बिलासा एयरपोर्ट से यात्रा की है। वहीं इस दौरान 38 बार फ्लाइट एयरपोर्ट के रनवे पर लैंड हुआ है। यह आंकड़े जून माह के हैं, जिसमें मई के मुकाबले अधिक यात्रियों से सफर किया है।

- प्रयागराज के लिए सर्वाधिक बुकिंग

जून माह के 25 दिनों में बिलासा एयरपोर्ट पर 38 बार फ्लाइट लैंड हुई। इस दौरान 1447 यात्री बिलासपुर पहुंचे, वहीं 1644 यात्रियों ने उड़ान भरी। खास बात ये है कि अब देश के 2 महागनरों तक बिलासपुर के लोग हवाई सफर कर पा रहे हैं। महीने में भले ही गिनती के दिन में ही यह सुविधा मिल रही है लेकिन इसे लेकर लोगों में रूझान सामने आने लगे हैं। समर शेड्यूल बिलासपुर के साथ दिल्ली, कोलकाता, प्रयागराज, जबलपुर की फ्लाइट शामिल हो चुकी है। अलायंस एयर एयरलाइन्स कंपनी द्वारा दी जा रही इस सुविधा में मई के मुकाबले 1597 अधिक यात्रियों ने हवाई सुविधा का फायदा लिया है। यह आंकड़ा 48 फीसदी से अधिक है। अधिकारियों के अनुसार यात्रियों के बढ़ने का कारण अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन देश के महानगरों तक बिलासपुर की पहुंच साबित हो चुकी है। ऐसे में एलायंस एयर और राज्य सरकार द्वारा अन्य महानगरों तक भी हवाई सुविधा का विस्तार किया जाना आवश्यक हो चुका है। बताया जा रहा है कि नाइट लैंडिंग की फैसिलिटी मिलने के बाद यात्रियों का ये आंकड़ा 6 हजार से अधिक बढ़ सकता है।

### जमीन सीमांकन के लिए 8 को प्रदर्शन करेगी समिति

बिलासपुर में लगभग 5 साल से 4सी एयरपोर्ट लंबित है। रक्षा मंत्रालय की खाली पड़ी जमीन भी बिलासपुर एयरपोर्ट को वापस करना है। मामला कोर्ट में है और कोर्ट ने सीमांकन का आदेश दिया है लेकिन ये मामला पिछले करीब 1 साल से लगातार टल रहा है। सीमांकन पूरा नहीं होने से बिलासा एयरपोर्ट को 287 एकड़ जमीन नहीं सकी है। इस बारे में हवाई संघर्ष समिति 8 जुलाई को रायपुर के घड़ी चौक से मुख्यमंत्री निवास तक प्रदर्शन करने का आव्हान किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152